संक्षिप्त

अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

निवाई । निवाई पुलिस ने मंगलवार की रात नला रोड के समीप मीणा छात्रावास के पास से अवैध बजरी से भरा हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में नला रोड के समीप मीणा छात्रावास के पास से अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किया है। गश्त के दौरान पुलिस के वाहन देखकर ट्रैक्टर चालक बीच रास्ते में ही ट्रैक्टर खड़ा करके फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर टॉली को सुरक्षित थाना परिसर में खड़ा कर दिया। पुलिस ने में एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज करके चालक की तलाश जारी की है।

सत्संग समागम कार्यक्रम रविवार को

निवाई। संत रामपाल महाराज के सानिध्य में रविवार को गंगा जमना गार्डन में एक दिवसीय सत्संग समागम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कई लोग भाग लेंगे। श्रद्धालु रीछपाल ने बताया कि समागम में सृष्टि की उत्पत्ति के ज्ञान को लेकर चर्चा की जागी। इस दौरान देवी भागवत महापुराण, पवित्र वेद, पवित्र बाइबल, पवित्र क़ुरआन शरीफ, श्री शिव पुराण, श्रीमद् भगवत गीता, श्री भागवत पुराण, श्री मार्कंडेय पुराण व श्री विष्णु पुराण सहित सभी सद्ग्रंथों से सृष्टि की उत्पत्ति का गुढ रहस्य बताए जाएंगे।

स्टेट ओपन स्कूल 10 वीं व 12 वीं की परीक्षा 25 से

शाहपुरा । राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की अक्टूबर - नवंबर की परीक्षाएं 25 नवंबर से शुरू होगी। 10 वीं व 12 वीं की परीक्षाएं 16 दिसंबर तक चलेगी। अभ्यर्थियों को अपनी एसएसओ आईडी के जरिए प्रवेश पत्र डाउनलोड करने होंगे। परीक्षा का समय दोपहर से शाम 4 बजे तक होंगा। प्रायोगिक परीक्षाएं 27 नवंबर से 16 दिसंबर तक होगी। 27 नवंबर तथा 5 दिसम्बर को 12 वीं कक्षा की परीक्षाएं दो पारी में होगी।

कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश

दूदू । पंचायत समिति वीसी सभागार में बुधवार को अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद दूदू अमित शर्मा ने पंचायत राज कर्मचारियों की बैठक लेकर सरकार द्वारा स्वीकृत विभिन्न योजनाओं में कार्यों की समीक्षा की इस अवसर पर शर्माने ग्राम पंचायत के अधीन बकाया पेंशन प्रकरण प्रधानमंत्री आवास योजना खेल मैदान विकास कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए तथा अतिक्रमणों को हटाने पर जोर दिया इस अवसर पर विकास अधिकारी दूदू मुकेश जैमन एवं पंचायत समिति के अधीन कार्यरत सभी शाखाओं के कर्मचारी मौजूद रहे

कार्यशाला का आयोजन

दूदू । जिला मुख्यालय के निजी होटल सभागार में बुधवार को भाजपा मंडल दूदू पश्चिम की संगठन पर्व मंडल कार्यशाला का आयोजन अध्यक्ष राज नारायण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजन किया गया इस दौरान जिला मंत्री विनोद सांभरिया प्रत्येक बूथों पर दो-दो सक्रिय कार्यकर्ता बनने पर जोर दिया तथा कहा कि ऑनलाइन सदस्य बनाने में असमर्थ हैं संगठन को मजबूत करने की बात कही इस अवसर पर भाजपा के दिलीप कुमावत अवधेश शर्मा विष्णु खटाना तरुण कुमावत सतपाल खारोल कानाराम के वी सिंह दीपसा चौहान अंकित भाटी दशरथ सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

दीनदयाल स्मृति व्याख्यान में पंहुचे बाडोलिया

टोंक। जयपुर में एकात्म मानवदर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित "दीनदयाल स्मृति व्याख्यान" में टोंक से पंहचे भाजपा के प्रभु बाडोलिया पूर्व भाजपा जिलामहामंत्री ने बताया कि मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह अरुण कुमार का श्वर्तमान वैचारिक परिदृश्य एवं चुनौतियां विषय पर ओजस्वी उद्बोधन हुआ एवं प्रस्तावना एकात्म मानवदर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान अध्यक्ष डॉ महेश चंद शर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहें।

'कार्यकर्ताओं के बल पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी'

अलवर। भारतीय जनता पार्टी, अलवर शहर विवेकानंद मण्डल की सदस्यता अभियान के अंतर्गत संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन किया गया

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में जिला महामंत्री शिवलाल मीणा उपस्थित रहे कार्यशाला को संबोधित करते हुए शिवलाल मीणा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है सितंबर माह से शुरू हुआ सदस्यता अभियान 30 नवंबर तक जारी रहेगा जिसके अंतर्गत प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 200 प्राथमिक सदस्य बनाए गए

50 प्राथमिक सदस्य बनाने वाला कार्यकर्ता ही सक्रिय सदस्य बनने योग्य है प्रत्येक बूथ पर दो सक्रिय सदस्य अनिवार्य है कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान ने की

कार्यशाला को जिला महामंत्री गोवर्धन सिंह सिसोदिया, प्रवक्ता एडवोकेट जितेंद्र शर्मा, संयोजक जितेंद्र सिंह राठौड़, के के मदान ने भी संबोधित किया कार्यशाला का संचालन जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने किया। कार्यशाला में मंडल महामंत्री नरेंद्र सिंह राठौर, विजय कोहली, महिला अध्यक्ष ममता कंवर, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र यादव,आशीष अरोड़ा,अंजू शर्मा, मंत्री दीपक शर्मा संदीप बेनीवाल, पार्षद सुरेश वाल्मीकि, पूर्व पार्षद सुशील यादव, मधु आर्य, सरला जैन, रविराज सिंह चौहान,महेश सैनी, कैलाश जांगिड़, रजनी सेन, सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

विवेकानंद मण्डल की सदस्यता अभियान के अंतर्गत संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन किया ।

अस्पताल में कई दिनों से चिकित्सक का पद रिक्त

टोंक। पीपलू उपखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रानोली में चिकित्सक नहीं होने से ग्रामीणों को काफी हद तक परेशानी उठानी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार रानोली को उपतहसील बनाया गया है, इस क्षैत्र में पांच पंचायत आती है, जहां के लोगो को इलाज में काफी समस्या आ रही है। पिछले कहीं दिनों पहले यहां पर कार्यरत डॉक्टर नेहा चौधरी का पीजी में सिलेक्शन होने के बाद से ही अब तक चिकित्सक का पद रिक्त चल रहा है।

इस पर ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिनों जनसुनवाई कार्यक्रम में भी जिला कलेक्टर डॉ सौम्या झा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार यादव को भी अवगत करवाया दिया गया था फिर भी आज तक चिकित्सक का पद रिक्त चल रहा है। कलेक्टर डॉ सौम्या झा ने डॉ अशोक कुमार यादव को जल्दी ही चिकित्सक लगाने के लिए कह दिया गया था मगर अब तक चिकित्सा अधिकारी नहीं लगा।

जन्मदिन पर भजन संध्या का आयोजन

किशनगढ़ बास। साधु संतों के सानिध्य में भजनों की रसघारा के बीच श्याम भक्त दीपचंद यादव ने अपने पोते के प्रथम जन्मदिन को यादगार पल बनाने के लिए भजन संध्या का आयोजन रखा जिसमें रिश्तेदार मित्रजन एवं परिवार के लोग शामिल हुए। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक गुलाब नाथ महाराज फतेहपुर सीकर वालों ने संत शंकर नाथ जी महाराज नीमराना गुलाब नाथ जी महाराज फतेहपुर गौशाला कैलाश नाथ जी महाराज सीकर हुए सुबनाथ जी महाराज ढोकलवास के सानिध्य में भजनों की प्रस्तुति दी।

गायक गुलाब नाथ महाराज ने करीब 4 घंटे तक अकेले भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को ईश्वर के भाव रस में डुबोई रखा। महिलाओं व पुरुषों ने भजनों पर खूब नृत्य किया।जन्मदिन पर आयोजित भजन संध्या की पहल को पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित लोगों ने सराहा।

कवियों ने श्री सीताराम जी के चरित्र पर कविताएं सुना कर श्रोताओं को किया आनंदित

पावटा। संत शिरोमणि श्री 108 मंगलदास महाराज के सानिध्य से कर्मजोहडा सिद्धपीठ सीताराम जी मंदिर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा रसामृत और 9 कुंडीय यज्ञ महोत्सव का आयोजन बडे धूमधाम से हो रहा है। इस सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा रसामृत और 9 कुंडीय यज्ञ महोत्सव मे कोटपुतली बहरोड जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने भी भाग लिया, कार्यक्रम में प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य और रामचरित मानस के विशेषज्ञ आचार्य पं. कमलेश शास्त्री महाराज ने कलेक्टर अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देकर समानित किया एवं आशीर्वाद दिया। जहां कलेक्टर अग्रवाल ने भक्तिपूर्ण मनोबल से गोवर्धन लीला के प्रसंगों का श्रवण किया और गिरिराज भगवान की सुंदर झांकी के दर्शन किए। कलेक्टर अग्रवाल ने महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त कर गोवर्धन जी की आरती भी की।

जिसमें आमंत्रित कवियों ने एक से बढकर एक कविताएँ श्री सीताराम जी के चरित्र पर सुना कर श्रोताओं को आनंदित किया। इस दौरान मंगलदास महाराज ने आमंत्रित सभी विद्वान कवियों का माल्यार्पण तथा शाल ओढाते हुए अभिनंदन किया तथा साहित्य के समाज हितकारी स्वरूप की चर्चा की। आमंत्रित कवियों में सर्व कल्याण सिंह शेखावत, कल्याण गुर्जर कल्याण, गिरधारी सिंह गिरधर, कमल कांत शर्मा शतदल, धर्मपाल धर्म, धूडाराम पद्म, गुरु दयाल भारती, प्रकाश प्रिय तथा उमेश चन्द्र चन्दर ने एक शाम श्री सीताराम जी के नाम अपनी रचनाएँ समर्पित की। कार्यक्रम का संचालन कमल कांत शतदल ने किया।

इस पावन अवसर पर डॉ. अशोक बाज्या, प्रवीण शर्मा, पं. सुरेश शास्त्री, दिनेश शर्मा, रविराज सैनी, ओम प्रकाश बाज्या, पं. राजेंद्र शर्मा, नीरज शर्मा सहित अनेक साधु संत और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कर्मजोहडा सिद्धपीठ सीताराम जी मंदिर में चल रहे श्रीमद भागवत कथा धार्मिक समारोह मे पहुँची जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ।

- एक शाम श्री सीताराम के नाम विराट कवि समेलन का आयोजन

दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा ने नये ए. डी.आर.एम. का स्वागत किया

फुलेरा। फुलेरा दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत के प्रतिनिधि मण्डल ने नवनियुक्त अपर मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव गॉड का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि नये एडीआरएम के स्वागत अभिनन्दन के बाद वहीं दैनिक रेल यात्रियों की विभिन्न समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से बताया गया कि जयपुर जंक्शन के प्लेटफार्म नम्बर दो व तीन पर निर्माण कार्य चलने के कारण रेल प्रशासन द्वारा आगामी 29 नवम्बर से गाड़ी संख्या 19711-19712 भोपाल-जयपुर (रतलाम ट्रेन) ट्रेन को कनकपुरा से भोपाल चलाया जाएगा और सुबह वापसी में भोपाल से कनकपुरा तक ही चलाया जाएगा।इसी क्रम में आगे बताया कि उक्त ट्रेन शाम को 6:25 पर जयपुर से रवाना होती है। गौरतलब है कि इस ट्रेन में जयपुर, कनकपुरा, आसलपुर-जोबनेर, हिरनोदा, फुलेरा जंक्शन, नरेना, किशनगढ़ आदि के दैनिक रेल यात्री इसी ट्रेन से प्रतिदिन अप-डाउन करते है। ऐसे ही यह ट्रेन सुबह जयपुर 9:35 पहुंचती है। जानकारी के अनुसार रेल प्रशासन द्वारा इस ट्रेन को 29 नवम्बर से लगभग डेढ़ महीने के लिए कनकपुरा तक चलाने का प्रस्ताव लिया गया है। इसके चलते संघ द्वारा अपर मण्डल रेल प्रबन्धक से अनुरोध किया गया कि इस ट्रेन को 29 नवम्बर से जयपुर से या प्लेटफार्म खाली नहीं होता है तो खातीपुरा रेलवे स्टेशन से चलाया जाये। जिससे कि हजारों दैनिक रेल यात्रियों को इसका लाभ मिल सके।

फुलेरा जंक्शन पर अमृत भारत योजना के तहत जो निर्माण कार्य चल रहा है। वह काफी हद तक धीमी गति से चल रहा है। वहीं प्लेटफार्म नम्बर 2 पर नई पुलिया का पिलर बनाने के लिए करीब 8 दिन पूर्व चारों ओर चदरें लगा दी गई है। किन्तु निर्माण कार्य अभी तक भी प्रारम्भ नहीं किया गया है। इसके चलते दैनिक रेल यात्री व आम यात्रियों को काफी समस्याओं सामना करना पड़ रहा है। दैनिक रेल यात्री संघ के पदाधिकारियों ने इस विषय में भी विस्तार चर्चा की गई। साथ ही उक्त निर्माण कार्य को गति प्रदान करवाने का अनुरोध किया गया। इसके चलते अपर मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव गॉड द्वारा उक्त दोनों समस्याओं को विस्तार से सुनने के बाद आश्वासन दिया।

- दैनिक रेल यात्रियों की विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया

नवनियुक्त अपर मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव गॉड का स्वागत किया।

बोर्ड परीक्षा में नकल की शिकायत करना शिक्षिका को महंगा पडा

अलवर। एक अध्यापिका जिसने सत्यता की लड़ाई लडने का प्रयास किया तो उसे प्राचार्य द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है और उच्च अधिकारियों से मिलीभगत कर उसकी जांच को लीपापोती कर ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया गया है लेकिन महिला अध्यापिका ने इसकी शिकायत जब जिला कलक्टर को दी और उस जांच की जानकारी लेने सीडीओ ऑफिस पहुंची अध्यापिका से मीडियाकर्मी की बातचीत का वीडियो वायरल होने पर बौखलाए शिक्षा विभाग ने पीड़ित अध्यापिका को ही नोटिस दे दिया जबकि आरोपी प्रचार्य को बचाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

यह है मामला:- उमरेण ब्लाक की डहलावास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत व्याख्याता कविता शर्मा ने वर्ष 2024 बोर्ड परीक्षा में प्राइवेट स्कूल से पैसे लेकर नकल कराने का मामला उठाया और उसकी शिकायत जब ईमेल द्वारा बोर्ड को दी गई तो इस षिकायत को वापिस लेने के लिए व्याख्याता को धमकाया गया ताकि वह अपनी षिकायत वापिस ले अब शिकायत वापिस नही लेने पर सहयोगी स्टाफ द्वारा प्रताडित किया जा रहा है। पिछले साल उनकी छात्रा को अव्वल रहने पर लैपटॉप भी मिला है पर दबाव बनाने के लिए प्रधानाचार्य सुनीता सिंह द्वारा लगातार एसीआर को खराब किया जा रहा है।

व्याख्याता कविता शर्मा द्वारा इस जांच में विलम्ब और उचित जांच नही किये जाने पर उन्होंने एक शिकायत जिला कलक्टर को दे दी लेकिन जांच को शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया जिसके चलते विभागीय अधिकारियों ने जांच में लीपापोती कर दी एवं षिकायत को वापिस लेने के लिए उक्त व्याख्याता पर दबाव बनाते हुए उनका कैरियर खराब करने की योजनाएं शुरू कर दी। कार्यवाही की जानकारी लेने मुख्य ब्लाक जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर पहुंची तो वहां उन्होंने पत्रकारों को अपनी साथ हो रही परेषानियों को बता दिया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर चलने पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उन्हें नोटिस देकर साक्ष्य सहित कार्यालय में उपस्थित होने का आदेश दे डाला जबकि वे साक्ष्य पहले ही बोर्ड की ईमेल पर डाल चुकी है और उसकी जांच स्कूल प्रधानाचार्य के पक्ष में विभागीय अधिकारी कर चुके है।

- शिक्षा विभाग का मिला नोटिस

बुजुर्ग के कानों की मुरकियां तोड़ने वाला आरोपी गिरफ्तार

सांभरझील। दूदू जिला अंतर्गत थाना फागी पुलिस ने बुजुर्ग के कानों की मुरकिया तोड़ने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है जबकि दूसरे आरोपी की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

घटना की जानकारी देते हुए आनन्द शर्मा, जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण /दूदू ने बताया है कि 18 नवंबर को परिवादी मंगलचन्द पुत्र राधेश्याम गुर्जर जाति गुर्जर उम्र 32 साल निवासी पठान चौक फागी थाना फागी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 नवंबर को मेरे पिताजी राधेश्याम पुत्र नाथूराम उम्र 60 साल बकरी चराकर घर पर आ रहे थे तो समय करीब 4.30 पीएम पर उनके साथ दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोटरसाईकिल से आकर नाथ वाले रास्ते कानोलाव बंधे की पाल फागी के पास मेरे पिताजी के साथ हाथापाई कर नीचे गिराकर दोनों कान की सोने की मुरकियाँ तोड़कर ले गये।

रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात मुल्जिमों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी हेतु शिवलाल बैरवा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू व वृत्ताधिकारी दूदू दीपक खण्डेलवाल के निकट सुपरविजन तथा थानाधिकारी फागी मनोज कुमार बेरवाल के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया जाकर आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया गया है तथा आरोपी ने घटना में संलिप्त अन्य व्यक्ति का नाम रामफूल पुत्र भंवरलाल कालबेलिया निवासी फागी होना बताया है।

आरोपी रामस्वरुप द्वारा उक्त घटना के बाद ईलाका थाना डिग्गी व लांबा हरिसिंह जिला टोंक में भी लूट की वारदात करना स्वीकार किया है। आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जावेगी ।गिरफ्तार आरोपी रामस्वरुप कालबेलिया पुत्र मिटटू कालबेलिया जाति कालबेलिया उम्र 27 साल निवासी कालबेलियों की ढाणी रुपाहेली थाना लांम्बा हरिसिंह जिला टोंक का रहने वाला है। घटना में अन्य संलिप्त फरार अभियुक्त रामफूल पुत्र भंवरलाल कालबेलिया निवासी फागी जिला दूदू की पुलिस सर गर्मी से तलाश कर रही है तथा जल्दी ही गिरफ्तार किए जाने की संभावना है।

बुजुर्ग के कानों की मूरकियां तोड़ने वाले आरोपी को फागी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

- बकरियां चरा कर लौट रहे बुजुर्ग के साथ दिया था घटना को अंजाम

रात्रि चौपाल में प्रशासन ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

मानपुरा माचेड़ी । ग्राम पंचायत बिलोची के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में उपखण्ड स्तरीय रात्रि चौपाल व जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। चौपाल में प्रशासन के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर परिवाद लिए।व सरकार की विभिन योजनाओं की जानकारी लोगो को दी।

बिलोची में रात्रि चौपाल का आयोजन गत रात्रि को सरपंच मामराज गुर्जर की अध्यक्षता आयोजित हुआ। एडीएम सुमन पंवार,आमेर एसडीएम बजरंग लाल स्वामी,तहसीलदार सौरभ गुर्जर,हल्का पटवारी राहुल मीणा सहित अधिकारियो ने ग्रामीणो की समस्याएं सुनी।एस डी एम बजरंग लाल स्वामी ने बताया कि ग्रामीणों ने गोमती नदी के पास स्थित श्मसान घाट जाने का रास्ता नही होने की समस्या से अधिकारियों को अवगत करवाया। बिलोची में चल रहे अवैध डामर प्लांटों को बंद करवाने की मांग की।वही स्टोन क्रेसर से हो रहे प्रदूषण से लोगो को हो रही समस्या व बिजली, पानी की समस्या भी गिनवाई।

सार-समाचार

कार्यकारिणी ने किया पदभार ग्रहण

चाकसू। कस्बा स्थित एवं विद्या भारती द्वारा संचालित उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर चाकसू में नवगठित प्रबंधन कार्य समिति की मीटिंग रखी गई। जिसमें अध्यक्ष पद पर नारायण लाल शर्मा (डूसरी वाले), व्यवस्थापक के पद पर घनश्याम बाहेती,सह व्यवस्थापक के पद पर मुकुट रावत ने पद ग्रहण किया ।इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक नाथू लाल खंडेलवाल ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। समिति के सदस्य पद पर सत्यनारायण सांवरिया , शेलजा शर्मा, रमेश चंद्र गोयल, गोकुलचंद शर्मा, विनोद पारीक, जगदीश नारायण गुर्जर, डॉ श्याम नाटाणी ,सचिन लाबी , एडवोकेट दिलीप सिंह नरूका, दुर्गा प्रसाद बैरवा एडवोकेट सहित सभी सदस्य उपस्थित थे । विद्यालय अध्यक्ष नारायण लाल शर्मा और संरक्षक ने सभी सदस्यों को दुपट्टा पहनाकर एवं तिलकार्चन कर स्वागत किया । संस्था प्रधान सुमेर सिंह शेखावत ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। माध्यमिक बालिका प्रभारी सीमा शर्मा एवं प्राथमिक प्रभारी राम अवतार जाट ने सभी का आभार व्यक्त किया। सभी ने संस्था हित में कार्य करने का संकल्प लिया। सभी ने तन- मन- धन से संस्था के प्रगति और विकास में सहयोग देने पर बल दिया। मीटिंग में सर्व सहमति से 29 नवंबर 2024 को मातृ सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया और विविध जिम्मेदारियां निर्धारित की गई।

चिकित्सा परामर्श शिविर 24 को

चाकसू। नीलकण्ठ हनुमान मंदिर प्रांगण में सेवार्थ फाउंडेशन और कामधेनु गौशाला के संयुक्त प्रयास से एक विशाल निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन दिनांक 24 नवम्बर 2024 रविवार को प्रात: 8 बजे से 2 बजे तक किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम विभिन्न रोगों जैसे सामान्य स्वास्थ्य समस्याएं, हृदय रोग, नेत्र रोग, मधुमेह, हड्डियों के रोग, स्त्री रोग और बाल रोग से संबंधित परामर्श प्रदान करेगी। इसके साथ ही, शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाइयों का वितरण और योग-प्राणायाम जैसे उपायों की जानकारी भी दी जाएगी।श्री कामधेनु गोशाला संचालित गौ सेवा परिवार समिति के सदस्यों ने बताया कि यह शिविर समाज के जरूरतमंदों के लिए समर्पित है। हमारा उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों तक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना और उनके जीवन में सुधार लाना है। इस आयोजन में स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ स्वच्छ और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने पर भी जोर दिया जाएगा।सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे इस शिविर में भाग लें और अपनी तथा अपने परिवार की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान कराएं।

'भाईचारे को बनाए रखे'

मनोहरपुर । पिलवा में दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सेवानिवृत सैनिक रामस्वरूप सराधना को भामाशाह डी के सोनी ने सम्मानित किया। भामाशाह डी के सोनी ने कहा कि तन की सुंदरता के साथ मन को भी सुंदर बनाएं ,अपनो के लिए दिल का दरवाजा सदैव खुला रखे,अपने तो अपने होते हैं अपनों की बातों को दिल से ना लगाए तथा आपसी टकराहट व द्वेषता को छोड़कर शांति का दामन थामे। उल्लेखनीय है कि सोनी कर्तव्यनिष्ठ परिश्रमी ईमानदार दयालु है सदैव गरीबो की मदद करते है हिन्दू मुस्लिम एकता को प्रगाढ़ करते है इनके दरबार मे जो भी आते है उनको खाली हाथ नही भेजते हैं! बढ़चढ़ कर चन्दा देते रहते है गायों को रंजका कबूतरों को ज्वार डलवाते है ! उल्लेखनीय है कि सोनी सामूहिक विवाह सम्मेलनों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते है !उन्होंने बताया कि नियमित व संयमित जीवन यापन करने से स्वास्थ्य स्वस्थ रहता है ! उन्होंने कहा कि चिंता चिता समान है इंसान को कार्य करत्ते रहना चाहिए और इसका फल ईश्वर पर छोड़ देना चाहिए ! इस अवसर पर अज़ीज़ हबीब लोहानी, हेमपाल सराधना आदि उपस्तिथ थे।

मतगणना की तैयारियां पूर्ण की

अलवर । रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव-2024 के तहत मतगणना 23 नवम्बर 2024 को बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में प्रात: 8 बजे से प्रारम्भ होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतगणना के लिए समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मतगणना हेतु नियोजित सभी अधिकारी एवं कार्मिक प्रात: 6 बजे राजकीय कला महाविद्यालय अलवर में उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि रामगढ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रा के लिए 284 मतदान केंद्रों की मतगणना कुल 22 राउंड में पूर्ण होगी जिसके लिए मतगणना कक्ष संख्या स्टाफ कक्ष (भूतल) पर निर्धारित किया गया है तथा ईवीएम स्ट्रांग रूम संख्या 2, 3, 4 (भू-तल) पर रहेगा। ईवीएम मतगणना हेतु कुल 13 टेबल एवं डाक मतपत्र व ई-पीबी हेतु 5 टेबल लगाई गई है तथा ई-पीबी गणना कक्ष संख्या 7 में होगी जिसमें 3 टेबल लगाई गई है। इसके लिए एक सहायक रिटर्निंग अधिकारी (मतगणना) की नियुक्ति की गई है। मीडिया रूम कक्ष संख्या 31 में स्थापित किया गया है।

जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार को

कोटपूतली। जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए गुरुवार को जिला की जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। कोटपूतली पंचायत समिति सभागार में प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। जिलास्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इससे पहले गुरुवार को ही जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक प्रात: 10:30 बजे आयोजित की जायेगी। बैठक में समिति में दर्ज प्रकरणों पर गहनता से चर्चा की जायेगी।

आत्म रक्षा प्रशिक्षण का आयोजन

निवाई। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में दस दिवसीय रानी लक्ष्मी बाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। प्राचार्या देवेंद्रपालसिंह चौधरी ने बताया कि विभागीय आदेशानुसार दस दिवसीय आत्म रक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि चयनित प्रशिक्षित बालिकाएं दक्ष प्रशिक्षण के निर्देशन में विद्यालय की अन्य सभी बालिकाओं को प्रशिक्षिण देंगी। शिविर में आत्म रक्षा हेतु हैंड मूवमेंट, लेग मूवमेंट, हैंड पंच, काता एवं विपरित परिस्थिति में अपनी आत्म रक्षा कैसे की जाए उक्त गुरु बालिकाओं को सीखाए। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से बालिकाओं में आत्म बल एवं सुरक्षा की भावना विकसित होगी। प्राचार्य चौधरी ने बताया कि सभी बालिकाओं ने पूरी लगन व उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण से बालिकाएं निडर बनकर एक सभ्य समाज का निर्माण करेगी एवं समाज में जो भय और डर का माहौल है उसे दूर होने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर सुमन विजय, रामकिशन विजय, अनिलकुमार गुप्ता, प्रहलादराम गुर्जर व रिया कुमावत सहित कई प्रशिक्षक मौजूद थे।

दीया कुमारी आज कोटपूतली में

कोटपूतली। राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी गुरूवार को कोटपूतली के ग्राम पाथरेड़ी में कृषि महाविधालय के प्रशासनिक एवं अकादमिक भवन का लोकार्पण करेंगी। वहीं अति विशिष्ठ अतिथि सांसद राव राजेन्द्र सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि विधायक हंसराज पटेल, पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव होगें। जबकि अध्यक्षता श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलपति प्रो. बलराज सिंह करेगें। आपको बता दें कि कृषि महाविधालय कोटपूतली की घोषणा मुख्यमंत्री ने बजट 2019-20 में 05 अगस्त 2019 को की थी। महाविधालय के भवन, फॉर्म, छात्रावास आदि के लिये भूमि का आवंटन ग्राम पाथरेड़ी में किया गया था।